# परिवार, समाज, राजनीति, विज्ञान, रक्षा सहित सभी क्षेत्रों में पुरूषों की बराबरी कर रही आज की नारी

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च एक वैश्विक दिवस है जो हर साल महिलाओं के सम्मान, अधिकार और योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का उत्सव है और लैंगिक समानता की मांग का प्रतीक है, जो समान अवसर प्रदान करने का संकल्प दिलाता है।

इस दिन दुनिया भर में यह संदेश दिया जाता है कि महिला सिर्फ घर तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार, समाज, अर्थव्यवस्था, राजनीति, विज्ञान, रक्षा और अन्य क्षेत्रों में बराबरी की भूमिका अदा कर रही है। नारी केवल सृजन की शक्ति नहीं, वह स्नेह, त्याग, धैर्य और आत्मबल की प्रतीक भी है। महिला दिवस का मूल उद्देश्य यही है कि महिलाओं का सम्मान करें, समर्थन करें और समानता को अपनायें ।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2026 की थीम गीव टू गेन ( Give To Gain ) का अर्थ है कि देकर पाना या देने से लाभ उठाना, आधुनिक नारी भविष्य की आधारशिला है। थीम का मुख्य उद्देश्य हैं महिलाओं के अधिकारों और गरिमा के बारे में जागरूकता को उजागर करना एशिक्षाए नौकरी और नेतृत्व के हर स्तर पर लैंगिक समानता को बढ़ावा देना। घरेलू हिंसा, आक्रामकता,वेतनमान और भेदभाव जैसी समस्याओं का सामना करना । परिवार को महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास के लिए ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरित करना ।जो देश महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और नेतृत्व में निवेश करते हैं,वे तेजी से और अधिक शांति के साथ आगे बढ़ते हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस. 2026 नीति निर्माताओं को याद दिलाता है कि महिलाओं की सोच सीधे-सीधे सतत विकास, नवीनता और अभिनव प्रगति से शुरू होती है। जब एक महिला प्रगति करती है, तो पूरी पीढ़ी उसके साथ संवरती है।एक महिला शिक्षित होती है तो उसका परिवार शिक्षित होता है, समाज शिक्षित होता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भारतीय महिलाओं के संघर्ष और विजय की कहानी को जीवंत करता है।प्राचीन काल में महिलाओं



डॉ.उर्मिला चौकसे

को शिक्षा और धार्मिक अधिकार प्राप्त थे, लेकिन मध्यकाल में सती प्रथा जैसी कुरीतियों ने उनकी स्थिति कमजोर की ।औपनिवेशिक काल में राजा राममोहन राय, ईश्वरचंद्र विद्यासागर और सावित्रीबाई फुले जैसे समाज सुधारकों ने विधवा पुनर्विवाह, बाल विवाह निषेध और महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया। स्वतंत्रता संग्राम में रानी लक्ष्मीबाई, सरोजिनी नायडू, सुभद्रा कुमारी चौहान, उषा मेहता, अरुणा राय ,रानी चेन्नम्मा, कस्तूरबा गांधी, पंडिता रमाबाई,आशा देवी, भीकाजी कामा,अरुणा आसफ अली ने नेतृत्व किया। आज के दौर में, जब महिलाएँ अंतरिक्ष यात्री से लेकर अंतरराष्ट्रीय उद्यमी बनी, प्लेन पायलट से लेकर लोको पायलट बन हर क्षेत्र में चमक रही हैं, क्या यह दिन हमें याद दिलाता है कि अभी भी लैंगिक भेदभाव,हिंसा और असमानता जैसी चुनौतियाँ बाकी हैं। भारत देश पितृ सत्तात्मक व्यवस्था वाला समाज रहा ,वही दुनिया के कई देशों में मातृ सत्तात्मक समाज भी है जहां महिलाओं को मुख्य निर्णायक माना जाता है लेकिन आज उभरता भारत माता-पिता की समान सत्ता पर कार्य कर रहा है। क्योंकि भारत में नारी को पूजनीय माना है,जो समाज की आधारशिला है आधुनिक नारी हर क्षेत्र में अग्रणी है अपने अधिकारों के प्रति जागरूक ही नहीं बल्कि आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ रही है।

**भारत सरकार की अनेक योजनाएं जैसे :-** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,लाड़ली लक्ष्मी योजना ,सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना,स्वस्थ नारी सशक्त परिवार योजनाए लखपति दीदी या स्टैंड.अप इंडिया , स्टार्टअप इंडिया ,मुद्रा योजना, महिला कौशल शक्ति केंद्र, दीनदयाल अंत्योदय योजना,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन,महिला छात्रावास योजना, महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र, ऐसी अनेक योजनाएं हैं जो समाज और अर्थव्यवस्था में योगदान देने का अवसर देती है जो गीव टु गेन ( Give To Gain ) के पहलू को मजबूत बनाएगी,जहाँ दान और सहयोग से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त किया जा सकता है और किया जा रहा है।

वर्तमान भारतीय महिलाएं आईटी से लेकर खेल, राजनीति से लेकर उद्यमिता तक इंदिरा नूई,किरण मजूमदार. शॉ और पीवी सिंधु, सावित्री जिंदल,फाल्गुनी नायक, रोशनी नागर मल्होत्रा विनीता सिंह जैसी महिलाओं ने साबित किया कि सीमाएं सिर्फ मन में होती हैं। फिर भी, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर भेदभाव और वेतन असमानता जैसे मुद्दे बाकी हैं। महिला दिवस हमें याद दिलाता है कि सशक्तिकरण सिर्फमहिलाओं का नहीं, पूरे समाज का सवाल है। इस महिला दिवस पर आइए संकल्प लें, लड़कियों की शिक्षा को प्राथमिकता दें, लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ खड़े हों और समान अवसर सुनिश्चित करें। जब महिलाएं आगे बढ़ेंगी,तो राष्ट्र मजबूत बनेगा। शिक्षा,स्वास्थ्य , महिला उत्थान के लिए आत्मनिर्भर योजनाएं और जागरूकता से भारतीय नारी शक्ति राष्ट्र को मजबूत बनाएगी। रवींद्रनाथ टैगोर ने कहा कि. हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी है बल्कि उस रोशनी की लौ भी हैं । आज का महिला दिवस इस यात्रा को गति दे ,नारी शक्ति अमर है ! नारी शक्ति को प्रणाम।

## एक नजर में

### सेवा सदन विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को कराया हाईकोर्ट का भ्रमण



**बुरहानपुर।** सेवासदन विधि महाविद्यालय, बुरहानपुर के एलएल.बी. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को न्यायालय का महत्व, व्यवस्थापन एवं न्यायालयीन प्रक्रिया को समझाने हेतु सेवासदन शिक्षा समिति अध्यक्ष तारिका वीरेन्द्रसिंह ठाकुर के निर्देश पर म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ, इन्दौर का एक दिवसीय विधिक शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने न्यायालयीन प्रक्रिया को समझा एवं विभिन्न प्रकरणों एवं केसेस के बारे में जाना।विद्यार्थियों ने अधिवक्ताओं के आचरण, कर्तव्य एवं न्यायालयीन गरीमा को भी करीब से देखा। इसी दौरान विद्यार्थियों को इंदौर के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अखिलेश कुमार सक्सेना ने भी विद्यार्थियों अधिवक्ता एवं न्याय पालिका के संबंध में विद्यार्थियों की जिज्ञासा सुसंगत रूप से समाधान किया। यह शैक्षणिक भ्रमण प्राचार्य डॉ. मोहन सोनी, मूटकोर्ट प्रभारी प्रो. देवेन्द्र कुमार चौहान एवं प्रो. वैशाली गुप्ता के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।उक्त भ्रमण की सफलता पर सेवासदन षिक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमती तारिकासिंह ठाकुर, सचिव हसमुखलाल जरीवाला, सेवासदन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस.एम. शकिल सहित समस्त प्राध्यापकगणो ने विद्यार्थियो को बधाई प्रेषित करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बुरहानपुर में बहेगी भक्ति रस की गंगा, होगा श्री ऋद्धि सिद्धि मंगल विधान



**बुरहानपुर।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में कर्मयोगी डॉक्टर सुरेन्द्र जैन भारती द्वारा रचित श्री ऋद्धि सिद्धि मंगल विधान आयोजित किया जायेगा।इसके लिए मंदिर के पूजन एवं स्वाध्याय भवन में विशाल मांडना बनाकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। सर्व श्री राजेश चांदमल जैन,पवन जैन ठोलिया, विमल जैन पाटनी, पंकज जैन कासलीवाल, संदीप जैन ठोलिया,दिलीप जैन कासलीवाल आदि ने संपूर्ण विधान मंडप को अंतिम रूप दियाण्संपूर्ण विधि विधान कर्म योगी डॉक्टर सुरेन्द्र जैन भारती के आचार्यत्व में होगा। श्री आलोक पाटौदी संगीतमय भजन गायन करेंगे। क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि की कामना हेतु विधान में श्रीफल समर्पण करने हेतु जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है।कर्मयोगी डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती द्वारा विरचित श्री द्धि.सिद्धि मंगल विधान का भव्य एवं विशाल आयोजन दिनांक 8 मार्च को रंगपंचमी के दिन श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में किया जायेगा। इसमें 201 भक्तजन समाजजनों की उपस्थिति में मानव जीवन में शांति एवं वैश्विक पर्यावरण की रक्षा हेतु अष्ट द्रव्य एवं श्री फल के माध्यम से विशेष जिनार्चना करेंगे।यह जानकारी देते हुए राजेश चान्दमल जैन पटवारी एवं विमलकुमार पाटनी ने बताया कि उक्त आयोजन में बुरहानपुर,फोपनार, शाहपुर, भिण्ड आदि के भक्तगण सम्मिलित होंगे।विधान के उपरान्त साधर्मी सहभोज का आयोजन होगा। श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के अध्यक्ष पवनकुमार ठोलिया ने बताया कि इतना बड़ा आयोजन बुरहानपुर में पहली बार हो रहा है तथा इससे जन.जन में उत्साह है। सर्वश्री धरमचन्द पाटौदी, दिलीप पहाड़िया, अरविन्द जैन, संदीप ठोलिया, दिलीप कासलीवाल, पंकज कासलीवाल, संतोष जैन आदि ने श्री द्धि.सिद्धि मंगल विधान को प्रभावकारी एवं सुख.शांति संवर्धक बताया।इसी दिन सायंकाल आलोक पाटौदी के द्वारा भजन.आरती गायन तथा अ.भादि.जैन महिला परिषद् द्वारा अंजलि पाटनी, इन्द्रा जैन,शोभा गंगवाल के नेतृत्व में 48 दीपों से भक्तामर स्तोत्र का अर्चन किया जायेगा।

### नकुल को मिली वैश्विक पहचान



**शाहपुर।** बुरहानपुर के साइबर हीरो ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी नासा छौ। की वेबसाइट पर खामी खोजकर एक बड़ा कारनामा किया है।जिसके बाद किसान के बेटे नकुल को वैश्विक पहचान मिली है। नासा ने नकुल को प्रशंसा पत्र भेजकर त्रुटि से अवगत करने पर आभार व्यक्त किया है।बुरहानपुर जिले के ग्राम चापोरा के गरिब किसान परिवार से आने वाले युवा नकुल महाजन ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी की वेबसाइट में एक गंभीर सुरक्षा खामी खोजकर बड़ा कारनामा कर दिखाया।जांच के बाद नासा ने इस खामी की पुष्टि की और 3 मार्च को नकुल को प्रशंसा पत्र भेजकर सम्मानित किया और आभार माना। नकुल ने बताया कि नवंबर 2025 में उन्होंने यह खामी खोजी थीए जो नासा के वल्नरेबिलिटी डिस्क्लोजर प्रोग्राम की कैटेगरी में आती है। इस कमजोरी का फायदा उठाकर कोई हैकर्स यूजर का लॉगिन सेशन और निजी जानकारी तक चुरा सकता था। दो साल की मेहनत के बाद मिली इस सफलता ने गांव के बेटे को वैश्विक पहचान दिला दी।नकुल की माँ मंदाबाई और पिता यशवंत महाजन पेशे से किसान है।नकुल अपने चाचा सुनील महाजन का लाडला है। नकुल साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ हैं और एथिकल है।किंग के जरिए डिजिटल प्लेटफॉर्म को सुरक्षित बनाने का काम कर रहे हैं।फिलहाल वे मल्टीनेशनल कंपनी डिलोइट के लिए वर्क फ्रॉम होम का काम करते हुए साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं।

## शनवारा चौराहा-लालबाग थाना रोड निर्माण को लेकर महापौर ने ली बैठक

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** आज नगर निगम के एमआईसी हॉल में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों, नगर निगम के अधिकारियों एवं इंजीनियरों के साथ महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने शनवारा चौराहा से लालबाग थाना तक प्रस्तावित सीसी रोड निर्माण कार्य के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्माण कार्य की रूपरेखा, गुणवत्ता तथा समयसीमा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।



निर्माण कार्य के दौरान चूक अधिकारियों ने बताया कि एक साइड का निर्माण पूर्ण होने के बाद उसे ट्रैफिक के लिए खोल दूसरी साइड का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। पाण्डरोल पुलिया पर वेरी कोड स्लैब क्रांकिट की लेयर बिछाई जायेगी जिससे पुलिया के दोनों सिरे का लेवल बराबर हो जाएगा। सी.सी.रोड़ निर्माण के दौरान सिंधीबस्ती चौराहे पर रोड़ की मार्किंग लाइन डालकर अतिक्रमण हटाया जायेगा।

बैठक के दौरान जनहित एवं शहर के विकास को ध्यान में रखते हुए सड़क निर्माण कार्य में आवश्यक सुधारों पर भी विचार.विमर्श किया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान करते हुए कार्य को सुचारु एवं प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए।शनवारा चौराहे से लालबाग रेल्वे स्टेशन तक सर्विस रोड़,रोड साईड ड्रेन व यूटीलिटी डक्ट,फुटपाथ ड्रेनेज लाइन विद्युत पोल निर्माण के साथ साईनेज एवं स्ट्रीट फर्नीचर आदि का कार्य भी करने के निर्देश दिये गये ।

महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को समयबद्ध,गुणवत्तापूर्ण एवं मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए, ताकि शहरवासियों को बेहतर और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। नगर के विकास एवं नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के लिए कहा गया।

बैठक में महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल पुर्व महापौर अतुल पटेल, निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव,लोक निर्माण विभाग से श्रीवास्तव मैडम, निगम सहायक यंत्री अशोक पाटिल ,गोपाल महाजन, जन संपर्क अधिकारी हरिश मोरे ,इंजीनियर्स आदि उपस्थित थे ।

## बंजारा समाज का अपना पहनावा पहचान है अपनी अलग कुछ खास : सरिता भगत

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बंजारा समाज का अपना पहनावा पहचान है अपनी अलग कुछ खास , यह जानकरी ताप्ती सेवा समिति बुरहानपुर अध्यक्षा श्रीमती सरिता भगत ने देते हुवे बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गोर गोर बंजारा समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ताप्ती सेवा समिति की तरफ से बंजारा समाज की महिलाओं का सम्मान किया गया ।सरिता भगत ने बताया कि अपना पहनावा पहचान है अपनी अलग कुछ खास यह पुरानी वेशभूषा को जीवित रखते हुए कई शहरों में एवं विदेशों में इन माताओं ने अनेक कार्यक्रम किए , और कई अवार्ड भी जीते । यह आयोजन देशमुख फोटोग्राफर के निवास स्थित परिसर अक्षरधाम कॉलोनी,मूकबधिर स्कूल के पास बुरहानपुर में किया गया ।



## सोशल मीडिया एडवाइजरी : भड़काऊ और आपत्तिजनक कंटेंट से रहे दूर

**नवभारत न्यूज,** बुरहानपुर। सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि व सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ, अपमानजनक और धार्मिक / जातिगत भावनाओं को आहत करने वाली पोस्टों 'को प्रसारित न करें, ऐसे पोस्ट समाज में तनाव और अशांति का कारण बन सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार' की ओर से सभी नागरिकों से अनुरोध है कि सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्टों को न शेयर करें, न लाइक करें और न ही फॉरवर्ड करें। धार्मिक और जातिगत



भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली सामग्री से पूरी तरह बचें। सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारीपूर्वक करें और समाज में शांति बनाए रखने में सहयोग दें।

**कानूनी चेतावनी:-** उक्त प्रकार की गतिविधियों को अंजाम देने वालों के खिलाफ बीएनएस और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**निगरानी और सुरक्षा:-** पुलिस की सोशल मीडिया सेल लगातार ऐसे भड़काऊ और आपत्तिजनक पोस्टों पर नजर रख रही है। प्रत्येक थाना स्तर पर सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल के माध्यम से क्षेत्र में ऑनलाइन गतिविधियों पर सतत निगरानी की जा रही है।

**सहयोग और रिपोर्टिंग:-** यदि आपके संज्ञान में ऐसी कोई पोस्ट या गतिविधि आती हैए तो तुरंत नजदीकी थाना में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क एवं साइबर सेल को सूचित करें।

## योगाभ्यास के माध्यम से छात्राओं को दी जानकारी

**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग बुरहानपुर के निर्देश पर शनिवार को नेपानगर परियोजना के नावरा सेक्टर में सीएम राइज संदीपनी हायसेकंडरी स्कूल नावरा में छात्राओं को योगाभ्यास के अंतरंग योग से संबंधित जानकारी दी गई।

नेपानगर प्रभारी परियोजना अधिकारी प्रगति खराड़िया ने बताया फिट इंडिया वुमंस वीक 2026 का आयोजन 6 से 8 मार्च तक हो रहा है जिसमें खेल प्रतियोगिता योगाभ्यास व्यायाम व जागरूकता जैसी गतिविधा आयोजित की जा रही है। शनिवार को नावरा की संदीपनी हायसेकंडरी स्कूल में छात्र छात्राओं को नवांकुर संस्था श्रद्धा बुध विहार सामाजिक व शैक्षणिक संस्था के सदस्य राजेन्द्र मसाने द्वारा योगा से



संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही मानसिक संतुलन व स्वस्थ शरीर से संबंधित जानकारी स्कूली छात्र छात्राओं को दी गई। छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

## नारी पहचान सम्मान समारोह



**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच चेतना महिला शाखा बुरहानपुर द्वारा राजस्थानी भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में सशक्त महिलाओ का राष्ट्रिय कार्यकारिणी सदस्या सुप्रिया सुराना द्वारा अभिनंदन समारोह में पाँच नव्या आधुनिक नारी को सम्मानित किया गया। प्रचार मंत्री रामकुमार अग्रवाल ने अवगत कराया कि कार्यक्रम का उदेश्य विभिन्न क्षेत्रो में अपनी प्रतिभा,परिश्रम एवं नेतृत्व से विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाली समाज की महिलाओ को सम्मानित कर नारी शक्ति को प्रेरणा एवं सशक्त मंच प्रदान करना है। समाज सेवा ,शिक्षा ,कला ,उद्यम ,युवा प्रेरणा आदि श्रेणियों में महिलाओ को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह पश्च्यात होली मिलन समारोह भी महिलाओ द्वारा आयोजित किया गया। कार्य्रकम की प्रोजेक्ट चेयरमेंन नीलम मित्तल एवं परिणिति शर्मा थे। इस अवसर पर अध्यक्ष रूपल मूंदड़ा , सचिव स्मिता पलोड़,कोषाध्यक्ष रानी पारिक,सुषमा लाठ , सुनीता लड्ढा ,आरती त्रिपुड़े , काजल जैन ,अमृता सेठी के साथ साथ एनी सदस्या उपस्थित थी।

## पुलिस कंट्रोल रूम में ई-विवेचना प्रशिक्षण कार्यशाला

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षकगौरव पाटिल के मार्गदर्शन में दिनांक 07 मार्च 2026 को पुलिस कंट्रोल रूम बुरहानपुर में ई.विवेचना प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विवेचना कार्य करने वाले समस्त अधिकारीयों कर्मचारीयो को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण सीसीटीएनएस,विशेषज्ञ प्रधान आरक्षक नीरज सैनी एवं आरक्षक विनोद सांवले के द्वारा दिया गया, जिसमें विवेचना को डिजिटल एवं पारदर्शी बनाने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

जिले के विवेचकों को टैबलेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं।इन टैबलेट्स के माध्यम से तथा अन्य महत्वपूर्ण



पुलिसिंग एप का उपयोग कर मैदानी स्तर पर अनुसंधान संबंधी कार्यों ;जैसे केस डायरी लेखन, अपराध विवरण प्रपत्र, संपत्ति जप्त फॉर्म, नोटिस, गिरफ्तारी फॉर्म,फोटोग्राफी, विडियो ग्राफी, एमएलसी, पीएम फॉर्म कथन आदि को त्वरित एवं प्रभावी रूप से संपादित किया जाना है इस डिजिटल पहल से विवेचना प्रक्रिया में पारदर्शिता,गुणवत्ता एवं कार्यगति में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित किया जाना अपेक्षित है।

**प्रशिक्षण के मुख्य बिंदु इस प्रकार रहे:-** ई.विवेचना प्रणाली के माध्यम से अपराध अनुसंधान की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन एवं व्यवस्थित तरीके से करने की जानकारी दी गई। पोर्टल पर प्रकरण पंजीयन से लेकर विवेचना पूर्ण होने तक की प्रक्रिया का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। विवेचना अधिकारी द्वारा केस डायरी,बयान, जब्ती, पंचनामा एवं अन्य दस्तावेजों को डिजिटल रूप से दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई गई। केस डायरी को ऑनलाइन अपडेट करने एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उसकी मॉनिटरिंग करने की प्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। विवेचना में उपयोग होने वाले विभिन्न मॉड्यूल आदि की एंट्री करने का प्रशिक्षण दिया गया। डिजिटल रिकॉर्ड के माध्यम से विवेचना में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं सटीकता बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों एवं चार्जशीट की ऑनलाइन तैयारी की प्रक्रिया समझाई गई। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के सही संधारण एवं डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।प्रशिक्षण में अधिकारियों को ब्ब्ज्छै प्रणाली का डेमो के माध्यम से प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी प्रकरणों में ई.विवेचना प्रणाली का प्रभावी उपयोग कर विवेचना को तेज, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाया जाए।

**एक नजर** नगर परिषद शाहपुर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 ...

## अध्यक्ष ने ली तैयारियों को लेकर अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक

**नवभारत न्यूज, शाहपुर।** नगर परिषद शाहपुर अध्यक्ष ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025.26 की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई ।

बैठक में नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों एवं छळव् सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025.26 की गाइडलाईन के प्रत्येक बिंदु एवं विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें कचरा पृथक्करण, कचरा उठाव, सार्वजनिक, व्यावसायिक, रहवाशी क्षेत्र में निरंतर साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई के निर्देश दिए गए साथ ही निकाय क्षेत्र के विधालयो के छात्राओ, नागरिको, रहवाशियो, व्यापारियों को स्वच्छता में सहयोग एवं सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया ।





बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर के सभी 15 वार्डों में माइक्रो. लेवल पर कार्य सुनिश्चित करने के लिए कुल 10 विशेष टीमों का गठन किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड में आवासीय, व्यावसायिक एवं अन्य क्षेत्रों में दिन में एकए दो बार सफाई एवं कचरा उठाव के के निर्देश गए ।

नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्वच्छता सर्वेक्षण के मानकों को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने नागरिकों से भी अपील कि वे स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को शीर्ष स्थान दिलाने के लिए सक्रिय सहभागिता करें ।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने स्वच्छता सर्वेक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। निकाय द्वारा नियुक्त सहयोगी संस्था के सदस्य ने सर्वेक्षण से जुड़े मानकों की जानकारी दी तथा आगामी कार्ययोजना एवं अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की ।

नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री वीरेंद्र तिवारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेज़ीकरण और फील्ड असेसमेंट की तैयारियों को सुदृढ़ करें। उन्होंने अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए भी निर्देश दिया ।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल चौधरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान, स्वच्छता नोडल अधिकारी राहुल चौहान जगन्नाथ महाजन, तुषार राजपूत, राजू महाजन,सफाई दरोगा विनोद इंगले, बालू दगडू, रविन्द्र ससाने, ट्रेंचिंग ग्राउंड प्रभारी रविन्द्र कंडारे, सफाई मित्र राकेश चौहान, प्रताप ससाने, सदस्य नविन परदेशी एवं टीम तथा कर्मचारी उपस्थित थे !

## अभा मारवाड़ी युवा मंच के तिबडीवाल प्रांतीय अध्यक्ष





**नवभारत न्यूज,बुरहानपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश जैन की अनुशंसा पर बुरहानपुर पधारी अखिल भारतीय मारवाड़ीयुवा मंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्या सुप्रिया सुराणा के सानिध्य में युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम टिबडीवाल को मारवाड़ी युवा मंच का प्रांतीय अध्यक्ष घोषित कर शपथ दिलाई गई। मंच के प्रचार मंत्री रामकुमार अग्रवाल ने अवगत कराया की पुरुषोत्तम टिबडीवाल वर्तमान में राष्ट्रीय कार्यकारिणी में कई पदो पर कार्य कर रहे हैं। शपथ विधि समारोह के कार्यक्रम एवं संस्थापक अध्यक्ष कमलनयन लाढ ,मंच अध्यक्ष पुनीत शर्मा ,सचिव शुभम जैन ,चेतना महिला शाखा की अध्यक्षा रूपल मूंदड़ा, सचिव स्मिता पलोड़, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विशाल सेठिया के सानिध्य में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्या सुप्रिया सुराणा ने शपथ दिलवाई।पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विशाल सेठिया ने अपनी पीन नवनिर्वाचित अध्यक्ष को प्रांतीय अध्यक्ष की पिन लगाकर स्वागत किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत सुप्रिया सुराणा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। मंच के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण मित्तल ,रामेश्वर मंत्री ,वर्तमान अध्यक्ष पुनीत शर्मा ,कोषाध्यक्ष राजकरण बोथरा एवं मंच कार्यकारिणी सदस्यों ने तिबडीवाल का स्वागत कर बधाई प्रेषित की। बुरहानपुर शाखा के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है की लगातार दूसरी बार बुरहानपुर शाखा से प्रांतीय अध्यक्ष बुरहानपुर को मिला। कार्यक्रम का संचालन राहुल जोशी ने किया एवं अंत में मंच सचिव शुभम जैन ने मंच की गतिविधियों से अवगत करा कर सभी सदस्य एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्या का आभार माना।